# GOVERNMENT
# NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE
## KOTA (C.G.)

NAAC cycle three B+(2.60) CGPA - 2022

# प्रवेश विवरणिका
## ADMISSION & INFORMATION BROCHURE



# प्राचार्य की कलम से ...



प्रिय छात्र/छात्राओं,

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में महाविद्यालयीन परिवार आपका स्वागत करता है। 24 सितम्बर 1985 को शासन द्वारा स्थापित यह महाविद्यालय आदिवासी क्षेत्र की युवा वर्ग की उच्च शिक्षा संबंधी आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने तथा उनका सर्वांगीण विकास करने का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है।

हम आपको शासन के उद्देश्यों व नीतियां के अंतर्गत स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। इस विवरणिका के माध्यम से महाविद्यालय से संबंधित समस्त जानकारी आपको उपलब्ध करवाई जा रही है। इस विवरण पत्रिका का उद्देश्य महाविद्यालयीन नियमों, शैक्षणिक, अशैक्षणिक गतिविधियों से छात्र/छात्राओं को सुपरिचित कराना है तथा यह आशा की जाती है कि वे सभी नियमों का भलीभांति पालन करेंगें। महाविद्यालयीन स्तर पर विभिन्न समितियां आपकी विविध आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगी । आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह महाविद्यालय आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप सिद्ध होगा।

आपके उज्जवल भविष्य की अनेकानेक शुभकामनाओं के साथ..... ।

**डॉ.बी.एल.काशी**
प्राचार्य



# शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय

## कोटा,

## जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

E-mail : gnkckota@gmail.com
Website : www.gnkckota.ac.in

NAAC cycle three B+(2.60) CGPA - 2022

# प्रवेश विवरणिका

**प्रवेश आवेदन पत्र आवेदक स्वयं भरें ।**
**आवेदन पत्र भरने से पूर्व विवरणिका को ध्यान से पढ़ें ।**

**प्रवेश के समय प्रस्तुत करें :-**

1. 10वीं एवं उससे आगे समस्त कक्षा की अंकसूची-स्व सत्यापित प्रति ।
2. मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र ।
3. जाति प्रमाण पत्र - स्व सत्यापित प्रति ।
4. निवास प्रमाण पत्र - स्व सत्यापित प्रति ।
5. पासपोर्ट साईज की 1 फोटो ।
6. परिचय पत्र प्रोफार्मा भरा हुआ फोटो सहित ।

**1. आवेदन पत्र भरने से पूर्व विवरणिका को ध्यान से पढें ।**
**2. आवेदन पत्र में अपना संपर्क नं. अवश्य लिखें ।**

# शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय

## कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**परिचय :-**

महाविद्यालय पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य कोटा तहसील के बीच अमरकंटक वन परिक्षेत्र से जुड़ी मैकल पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है । महाविद्यालय के पूरब नगर का प्राचीन तालाब कोटसागर स्थित है, जिसमें वर्ष भर कमल आदि जलीय पुष्प शोभायमान रहते हैं और प्राकृति रूप से मनोरम दृश्य प्रदान करते हैं । प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां मेला लगता है जो 10 दिनों तक चलता है। इस क्षेत्र के लोग मुख्य रूप से कृषि एवं वनोपज से जुड़े हुए हैं । विजयादशमी के दिन दशहरा उत्सव का आयोजन एवं नयनाभिराम धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति इस नगर की विशिष्ट पहचान है ।

महाविद्यालय तक आने के लिये करगीरोड स्टेशन से लगभग 3 कि.मी. रेल्वे लाईन पार पक्की सड़क है । करगीरोड स्टेशन, बिलासपुर-कटनी रेल्वे मार्ग पर बिलासपुर से 32 कि.मी. की दूरी पर है । यहां से 15 कि.मी. दूर रतनपुर में देवी महामाया का प्राचीन मंदिर है जो कल्चुरि वंश के राजा द्वारा निर्मित करवाया गया था ।

इस महाविद्यालय की स्थापना 1984 में हुई और अभी यहां कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर तथा कला संकाय के कुछ विषयों में स्नातकोततर स्तर तक पढ़ाई संचालित है । वर्तमान में 1351 नियमित छात्र/छात्राओं के लिये पठन-पाठन की व्यवस्था है ।

''विद्या ददाति विनयम् ।''

# महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पढ़ाये जाने वाले विषय समूह एवं संकाय

## कला संकाय – (तीन वर्षीय)

**(अ). कला स्नातक विषय**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खण्ड – A | 1. | राजनीति शास्त्र | 2. | हिन्दी साहित्य | 3. | इतिहास/अंग्रेजी साहित्य | | |
| खण्ड – B | 1. | राजनीति शास्त्र | 2. | समाजशास्त्र | 3. | अर्थशास्त्र | 4. | भूगोल |

**अनिवार्य**

1. आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी भाषा, हिन्दी भाषा,
2. पर्यावरण एवं मानवाधिकार (प्रथम वर्ष)

**(ब). कला स्नातकोत्तर विषय –**

1. **एम.ए. अंग्रेजी –**
   **I, II, III & IV सेमेस्टर**

2. **एम.ए. हिन्दी –**
   **I, II, III & IV सेमेस्टर**

3. **एम.ए. राजनीति शास्त्र –**
   **I, II, III & IV सेमेस्टर**

4. **एम.ए. अर्थशास्त्र –**
   **I, II, III & IV सेमेस्टर**

5. **एम.ए. समाजशास्त्र –**
   **I, II, III & IV सेमेस्टर**

# वाणिज्य संकाय :

## अ. बी.काम. प्रथम वर्ष

अनिवार्य– पर्यावरण अध्ययन

आधार पाठ्यक्रम
- i हिन्दी भाषा
- ii अंग्रेजी भाषा

1 : Accounting
- i वित्तीय लेखांकन
- ii व्यावसायिक संचार

2: व्यावसायिक प्रबंध
- i व्यावसायिक नियमन रूपरेखा
- ii व्यावसायिक गणित

3: व्यावहारिक अर्थशास्त्र
- i व्यावसायिक पर्यावरण
- ii व्यावसायिक अर्थशास्त्र

## ब. बी.काम द्वितीय वर्ष

1. आधार पाठ्यक्रम
   - i हिन्दी भाषा
   - ii अंग्रेजी भाषा

Group 1 : लेखांकन
- i निगमित लेखांकन
- ii वित्तीय लेखांकन

Group 2: व्यावसायिक प्रबंध
- i लागत लेखांकन
- ii कंपनी अधिनियम

Group 3: व्यावहारिक अर्थशास्त्र
- i व्यावसायिक सांख्यिकी
- ii उद्यमिता के मूलाधार

## स. बी.काम तृतीय वर्ष

1. आधार पाठ्यक्रम
   - i हिन्दी भाषा
   - ii अंग्रेजी भाषा
2. अनिवार्य विषय
   - i आयकर
   - ii अप्रत्यक्ष कर
   - iii प्रबंधकीय लेखांकन
   - iv अंकेक्षण

वैकल्पिक ग्रुप – ए
- i वित्तीय प्रबंध
- ii वित्तीय बाजार परिचालन

वैकल्पिक ग्रुप – बी
- i विपणन के सिद्धांत
- ii अंतर्राष्ट्रीय विपणन

वैकल्पिक ग्रुप – सी
- i Information Technology and its application in
- ii Essential of E-commerce

वैकल्पिक ग्रुप – डी
- i बीमा के मूलाधार
- ii मुद्रा एवं बैंकिंग प्रणाली

नोटः– महाविद्यालय में वैकल्पिक ग्रुप बी नियमित रूप से संचालित है।

# विज्ञान संकाय (तीन वर्षीय)

**अ. बी.एस–सी**

**कोई एक समूह**

| | | |
|---|---|---|
| क. | गणित समूह :– | 1.गणित, 2.रसायन, 3.भौतिक,<br>4.आधार पाठ्यक्रम–अंग्रेजी भाषा, हिन्दी भाषा<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष) |
| ब. | विज्ञान समूह :– | 1. रसायन, 2.जीव विज्ञान, 3.वनस्पति,<br>4. आधार पाठ्यक्रम–अंग्रेजी भाषा,<br>हिन्दी भाषा (पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष)) |

## 2. प्रत्येक संकाय की कक्षावार प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| **अ.** | **कला स्नातक** | **निर्धारित छात्र संख्या** |
| | प्रथम वर्ष (A-115 + B-115) | 230 |
| | द्वितीय वर्ष | 230 |
| | तृतीय वर्ष | 230 |
| **ब.** | **कला स्नातकोत्तर** | |
| | हिन्दी | 20 |
| | अंग्रेजी | 20 |
| | राजनीति विज्ञान | 20 |
| | समाज शास्त्र | 20 |
| | अर्थशास्त्र | 20 |
| **स.** | **वाणिज्य स्नातक** | |
| | प्रथम वर्ष | 90 |
| | द्वितीय वर्ष | 90 |
| | तृतीय वर्ष | 90 |
| **द.** | **विज्ञान स्नातक** | |
| | प्रथम वर्ष (गणित/बायो समूह) | 30+60 = 90 |
| | द्वितीय वर्ष | 30+60 = 90 |
| | तृतीय वर्ष | 30+60 = 90 |

## पाठ्यक्रम विवरण एवं अंक विभाजन

| सेमेस्टर | प्रश्न पत्र | विषय/प्रश्न पत्र का नाम | अंक विभाजन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सेमेस्टर परीक्षा | आंतरिक मूल्यांकन | पूर्णांक |
| प्रथम | 1 | हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल) | 80 | 20 | 100 |
| | 2 | प्राचीन काव्य | 80 | 20 | 100 |
| | 3 | आधुनिक गद्य साहित्य (नाटक एवं निबंध) | 80 | 20 | 100 |
| | 4 | भाषा विज्ञान | 80 | 20 | 100 |
| | | | | योग | 400 |

| सेमेस्टर | प्रश्न पत्र | विषय/प्रश्न पत्र का नाम | अंक विभाजन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सेमेस्टर परीक्षा | आंतरिक मूल्यांकन | पूर्णांक |
| द्वितीय | 1 | हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) | 80 | 20 | 100 |
| | 2 | मध्यकालीन काव्य | 80 | 20 | 100 |
| | 3 | आधुनिक गद्य साहित्य (उपन्यास एवं कहानी) | 80 | 20 | 100 |
| | 4 | हिन्दी भाषा | 80 | 20 | 100 |
| | | | | योग | 400 |

| सेमेस्टर | प्रश्न पत्र | विषय/प्रश्न पत्र का नाम | अंक विभाजन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सेमेस्टर परीक्षा | आंतरिक मूल्यांकन | पूर्णांक |
| तृतीय | 1 | भारतीय काव्यशास्त्र | 80 | 20 | 100 |
| | 2 | आधुनिक काव्य | 80 | 20 | 100 |
| | 3 | प्रयोजन मूलक हिन्दी | 80 | 20 | 100 |
| | 4 | भारतीय साहित्य | 80 | 20 | 100 |
| | | | | योग | 400 |

| सेमेस्टर | प्रश्न पत्र | विषय/प्रश्न पत्र का नाम | अंक विभाजन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सेमेस्टर परीक्षा | आंतरिक मूल्यांकन | पूर्णांक |
| चतुर्थ | 1 | पाश्चात्य काव्यशास्त्र | 80 | 20 | 100 |
| | 2 | छायावादोत्तर काव्य | 80 | 20 | 100 |
| | 3 | पत्रकारिता प्रशिक्षण | 80 | 20 | 100 |
| | 4 | लोक साहित्य, छत्तीसगढ़ी भाषा का साहित्य | 80 | 20 | 100 |
| | | | | योग | 400 |
| | | | | कुल योग | 1600 |

## SCHEME OF EXAMINATION AND DISTRIBUTION OF MARKS

SEMESTER – I

| Paper No. | Title of the Paper (s) | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Poetry-I From Chaucer to Blake) | 20 | 80 | 100 |
| 2 | Drama – I | 20 | 80 | 100 |
| 3 | Prose | 20 | 80 | 100 |
| 4 | Fiction | 20 | 80 | 100 |

SEMESTER – II

| Paper No. | Title of the Paper (s) | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Poetry-II | 20 | 80 | 100 |
| 2 | Drama – II | 20 | 80 | 100 |
| 3 | Modern Literature (Poetry and Prose) | 20 | 80 | 100 |
| 4 | Fiction and Short Stories | 20 | 80 | 100 |

SEMESTER – III

| Paper No. | Title of the Paper (s) | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Critical Theory | 20 | 80 | 100 |
| 2 | Indian Literature | 20 | 80 | 100 |
| 3 | American Literature | 20 | 80 | 100 |
| 4 | Optional (Any one)<br>1. History of English Literature<br>2. Linguistics | 20 | 80 | 100 |

SEMESTER – IV

| Paper No. | Title of the Paper (s) | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Literature in Translation | 20 | 80 | 100 |
| 2 | Diaspora and Dalit Literature | 20 | 80 | 100 |
| 3 | World Literature | 20 | 80 | 100 |
| 4 | Optional (Any one)<br>1. Colonial and Post Colonial Literature<br>2. Gender Studies | 20 | 80 | 100 |

## SCHEME OF EXAMINATION AND DISTRIBUTION OF MARKS

### SEMESTER – I

| क्र. | प्रश्नपत्र का नाम | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन | 20 | 80 | 100 |
| 2 | तुलनात्मक राजनीति | 20 | 80 | 100 |
| 3 | लोक प्रशासन | 20 | 80 | 100 |
| 4 | अंतर्राष्ट्रीय राजनीति | 20 | 80 | 100 |

### SEMESTER – II

| क्र. | प्रश्नपत्र का नाम | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन | 20 | 80 | 100 |
| 2 | समकालीन राजनीतिक मुद्दे | 20 | 80 | 100 |
| 3 | शोध प्रविधि | 20 | 80 | 100 |
| 4 | अंतर्राष्ट्रीय संगठन | 20 | 80 | 100 |

### SEMESTER – III

| क्र. | प्रश्नपत्र का नाम | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय शासन व राजनीति | 20 | 80 | 100 |
| 2 | भारत की विदेश नीति–सिद्धांत व व्यवहार | 20 | 80 | 100 |
| 3 | अंतर्राष्ट्रीय कानून | 20 | 80 | 100 |
| 4 | भारत में संघात्मक प्रणाली | 20 | 80 | 100 |

### SEMESTER – IV

| क्र. | प्रश्नपत्र का नाम | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत में राज्यों की राजनीति | 20 | 80 | 100 |
| 2 | राजनय के सिद्धांत व व्यवहार | 20 | 80 | 100 |
| 3 | मानव अधिकार – समस्या व संभावनायें | 20 | 80 | 100 |
| 4 | भारत में स्थानीय स्वशासन | 20 | 80 | 100 |

## SCHEME OF EXAMINATION AND DISTRIBUTION OF MARKS

SEMESTER – I

| Paper No. | Tilte of the Paper (s) | Internal Assessment | | Term end Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Seminar | Test | | |
| 1. | Classical Sociological Theories | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 2. | Methodology of Social Research | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 3. | Rural Sociology | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 4. | Urban Society in India | 10 | 10 | 80 | 100 |

SEMESTER – II

| Paper No. | Tilte of the Paper (s) | Internal Assessment | | Term end Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Seminar | Test | | |
| 1. | Modern Sociological Theories | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 2. | Social Research and Statistics | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 3. | Rural Develoment and Changes | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 4. | Urban Social Structure and Problems | 10 | 10 | 80 | 100 |

SEMESTER – III

| Paper No. | Tilte of the Paper (s) | Internal Assessment | | Term end Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Seminar | Test | | |
| 1. | Perspective of India Society | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 2. | Industrial Sociology | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 3. | Demographica Profile | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 4. | Criminology | 10 | 10 | 80 | 100 |

SEMESTER – IV

| Paper No. | Tilte of the Paper (s) | Internal Assessment | | Term end Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Seminar | Test | | |
| 1. | Theoretical Perspective & Indian Society | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 2. | Industry and Society in India | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 3. | Social Demography of India | 10 | 10 | 80 | 100 |
| 4. | Criminology and Correctional Institutions | 10 | 10 | 80 | 100 |

### SCHEME OF EXAMINATION AND DISTRIBUTION OF MARKS

At post graduate level candidate required to study 16 compulsory papers and 4 optional papers during 4 Semesters. There shall be 04 compulsory papers and 01 optional paper in I, II, III & IV semester.

**Note :** It is compulsory for the candidate to qualify first question paper of any one group of the optional paper in semester-I. Similarly one has to quality the second question paper of the same group in semester-II. In the same way in semester-III & IV it is compulsory for the candidate to quality both the question paper of any other group.

**SEMESTER – I**

| Paper No. | Title of the Paper | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Micro Economic Analysis | 20 | 80 | 100 |
| 2. | Quantitative Methods | 20 | 80 | 100 |
| 3. | Indian Economic Policy | 20 | 80 | 100 |
| 4. | International Trade & Finace | 20 | 80 | 100 |
| **OPTIONAL (Choose any one Group)** | | | | |
| 5. | Group A 1. Industrial Economics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group B 1. Labour Ecnonomics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group C 1. Demography | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group D 1. Agriculture Economics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group E 1. Computer Application in Economic analysis | 20 | 80 | 100 |
| | | | **TOTAL** | 500 |

**SEMESTER – II**

| Paper No. | Title of the Paper | Internal Assessment | Term End Exam | Total Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Micro Economic Analysis | 20 | 80 | 100 |
| 2. | Research Methodology and Computer Application | 20 | 80 | 100 |
| 3. | Indian Economic Policy | 20 | 80 | 100 |
| 4. | International Trade & Finace | 20 | 80 | 100 |
| **OPTIONAL (Choose any one Group)** | | | | |
| 5. | Group A 2. Industrial Economics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group B 2. Labour Ecnonomics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group C 3. Demography | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group D 2. Agriculture Economics | 20 | 80 | 100 |
| 5. | Group E 2. Computer Application in Economic analysis | | | |
| | | | TOTAL | 500 |

# महाविद्यालय में सुविधाएं

## ग्रंथालय विभाग :

महाविद्यालय में एक समृद्ध ग्रंथालय है। वर्तमान में स्नातक स्तर पर 26000 एवं स्नातकोत्तर स्तर की 12000 पुस्तकें हैं। ग्रंथालय में विभिन्न समाचार पत्र, पत्रिकाएं एवं शोध-पत्रिका मंगाये जाते हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिये निःशुल्क पुस्तके प्रदान करने की बुक-बैंक योजना कार्यान्वित की जाती है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र /छात्राओं को सत्रांत तक छात्रों के बीच एक सेट पुस्तकें निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। जिन्हें परीक्षा उपरांत वापस लिया जाता है। सामान्य छात्र/छात्राओं को नियमानुसार ग्रंथालय से पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। ग्रंथालय में ऑनलाईन अध्ययन हेतु N-List की सुविधा है।

1. महाविद्यालय में निर्धारित सुरक्षा निधि/छात्र छात्राओं को नियमानुसार गंथालय का सदस्य बनाती हैं
2. पुस्तकालय में पुस्तकों का निर्गमन तथा वापस लेना ग्रंथालय के नियंत्रण में रहता है। जिसके लिये उनके द्वारा निर्धारित नियमों का पालन आवश्यक हैं। नियमोल्लंघन करने कर छात्र दण्डित होंगे।
3. ग्रंथालय में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के पठन की सुविधा है।
4. ग्रंथालय में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को 15 दिनों के लिये दो पुस्तक निर्गमित की जावेगी।
5. ग्रंथालय से ली गई पुस्तक यदि 15 दिन के बाद न लौटाई गई तो प्रति पुस्तक प्रतिदिन 5.00 रू. के हिसाब से अर्थदण्ड देय होगा। जिसका भुगतान शिक्षण शुल्क की किश्त के साथ अनिवार्य रूप से करना होगा।

## स्वाध्यायी विद्यार्थियों को प्रयोगषाला सुविधा :

1. परिस्थिति एवं उपलब्ध साधनों के परिप्रेक्ष्य में प्राचार्य द्वारा लिये निर्णयानुसार प्रवेश सत्रारंभ से निर्धारित मार्गदर्शक सिद्धांत के अनुसार ही होगा।
2. प्रवेशार्थियों की न्यूनतम संख्या 10 एवं अधिकतम 20 होगी, न्यूनतम संख्या से कम प्रवेशार्थी उपलब्ध हौनेपर कक्षा प्रारंभ नहीं होगी।
3. यद्यपि प्रवेशार्थी छः माह से सत्र हेतु सत्रारंभ में ही प्रवेश लेगा किनतु लोकहित एवं सामान्य नियमित छात्रों के हित में प्राचार्य स्चयं अध्ययन सत्र का निर्धारण करेंगे।
4. चयनित प्रवेशार्थियों का निम्नानुसार शुल्क एक किश्त में सपूर्ण रूप से पटाने पर ही प्रवेश माना जावेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयोगशाला षुल्क | - | 90 रू. |
| 2. | टूट-फूट सामग्री शुल्क | - | 60 रू. |
| 3. | सुरक्षा-निधि | - | 100 रू. |
| | **कुल रू.** | - | **250 रू.** |

नोट :-

1. शासन द्वारा समय-समय पर परिवर्तित नियम तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।
2. विश्वविद्यालय के पत्र क्रंमाक 1322/अंका./पात्रता/प्रवेश 03 दिनांक 6.6.03 एवं पत्र क्रमांक 1674 बिलासपुर दिनांक 11.7.03 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी कक्षा में प्रवेश देने के पूर्व विश्वविद्यालय से पहले पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। पात्रता प्रमाण-पत्र के अभाव में नियमानुसार प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। छ.ग.राज्य स्थित सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष की कक्षाओंमें प्रवेश लेने के लिये पात्रता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S) -

भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेलकूद विभाग तथा छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यह योजना विश्वविद्यालय के माध्यम से महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व एवं चरित्र के विकास तथा उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के उन्नयन के लिये संचालित की जाती हैं। कोटा महाविद्यालय में सत्र 1985 से यह योजना चालू है वर्तमान में आबंटित छात्र संख्या 100 हैं। प्रवेश योग्यतानुसार दिया जावेगा। कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो श्री शितेष जैन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें।

## क्रीड़ा विभाग -

छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य एवं खेलों के नियम, तकनीक आदि की जानकारी प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में खेल-कूद के लिए कक्ष एवं खेल मैदान है, जिसमें इन्डोर गेम तथा आउटडोर गेम दोनों की व्यवस्था हैं। शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस आदि इन्डोर गेम तथा कबड्डी, खो-खो, हैण्डबॉल व्हालीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि आउटडोर गेम की भी सुविधा उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ ऐथलेटिक अन्तर्गत दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, भाला फेंक, तवा फेंक की भी सुविधा हैं। खेलकूद वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन दिसम्बर माह में किया जाता है। विगत सत्र कबड्डी एवं व्हालीबॉल में महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र/छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर में भी भाग लिया। जिसकी सुविधा उपलब्ध है।

## शुल्क मुक्ति एवं अन्य सुविधाएं -

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अन्य नियमों के अनुसार छात्रों की शुल्क आदि में निम्नलिखत सुविधाएं भी दी जाती है, जिसे राज्य के शासकीय महाविद्यालय में लागू किया गया है ।

### 1. कृषक के पुत्र / पुत्रियों को सुविधा -

निम्न आय वाले कृषक के पुत्र / पुत्रियों को अध्ययन शुल्क में एक तिहाई तक छूट दी जाती है, यह सुविधा केवल उन्हीं कृषकों के पुत्र/पुत्रियॉ को उपलब्ध हो सकती है जो 500/- से अधिक मालगुजारी न देते हों । ऐसी सुविधा प्राप्त करने से इच्छुक छात्र अपना आवेदन पत्र निम्नांकित प्रमाण-पत्रों के साथ प्राचार्य के पास प्रस्तुत करें ।

1) विद्यार्थी के पिता को खेती द्वारा आमदनी का शपथनामा ।

2) महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त पूर्ण कर तथा तहसीलदार से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

### 2. भातृ / भागिनी सुविधा

यदि महाविद्यालय में दो अधिक भाई / बहिन नियमित छात्र हो तो बड़े को पूर्ण शुल्क देना होगा । इसके लिये छात्र प्रवेश के तुरंत बाद आवेदन करें ।

### 3. शासकीय कर्मचारियों के पुत्र / पुत्रियों के लिये सुविधा -

अ) शासकीय कर्मचारियों के पुत्र / पुत्रियों की सुविधा / चतुर्थ श्रेणी के शासकीय कर्मचारियों तथा सभी वर्ग के मृत कर्मचारियों के बच्चों का शिक्षण शुल्क स्नातक स्तर तक माफ रहेगा । माता-पिता का सेवा प्रमाण पत्र दो प्रतियों में प्रस्तुत करें ।

ब) 1800/- रूपयें तक वेतन प्राप्त करने वाले द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारियों के बच्चों को शिक्षण शुल्क से मुक्ति मिलती है ।

1) ऐसे छात्रों को निर्धारित प्रपत्र भरकर अपने माता/पिता के विभागीय प्रमुख के प्रमाण-पत्र के साथ प्रवेश के समय प्रस्तुत करना चाहिये ।

2) यह सुविधा किसी भी अनुत्तीर्ण छात्र को नहीं मिलती परंतु उत्तीर्ण हो जाने पर दूसरी कक्षा में पुनः प्राप्त हो सकती है ।

3) सदाचार नियमित उपस्थिति एवं संतोषजनक प्रगति के आधार पर ही सुविधा चालू रहेगी। हड़ताल एवं अन्य विध्वंसक कार्यो में भाग लेने वाले छात्रों से यह सुविधा वापस ले ली जावेगी ।

**4. छात्र सहायता निधि -**

योग्य तथा निर्धन छात्रों को छात्र सहायता निधि से पुस्तक आदि क्रय करने के लिये सहायता दी जाती है ।

## नियमित विद्यार्थी के रूप में वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता -:

1. प्रत्येक विषय मे 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य ।
2. कुल सात आंतरिक परीक्षाओं में से कम से कम 5 में सम्मिलित होना आवश्यक ।
3. एन.सी.सी.कैंप/एन.एस.एस./खेलकूद/राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं मे सम्मिलित हुए छात्रों को उपस्थिति माना जायेगा।
4. मेडिकल लीव्ह में रहने वाले छात्र के उपस्थिति की गणना इन दिवसों को घटा कर की जावेगी।
5. उपस्थिति की प्रथम गणना 30 नवम्बर तक की जावेगी।
6. कम उपस्थिति वाले छात्रों को तथा उनके पालकों को सूचना दी जायेगी।
7. उपस्थिति की द्वितीय गणना 28 फरवरी तक की, जायेगी।
8. 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति से कम उपस्थिति वाले विज्ञान/गृह विज्ञान के विद्यार्थी ''महाविद्यालयीन''के रूप में तथा कला/वाणिज्य के विद्यार्थी ''स्वाध्यायी'' के रूप में वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।
9. विश्वविद्यालय अपने स्तर पर इनसे अतिरिक्त शुल्क ले सकेंगे।

--00--

# महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश संबंधी नियम

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

## छत्तीसगढ़ के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिये मार्गदर्शक सिद्धांत सत्र-2023-24

## 1. प्रयुक्ति :

1.1 ये मार्गदर्षक सिद्धांत छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम1973 के तहत अध्यादेश क्र. 6 एवं 7 के प्रावधान के साथ सहपाठित करते हुये लागू होंगे तथा समस्त प्राचार्य इनका पालन सुनिश्चित करेंगें ।

1.2 प्रवेश के नियमों को शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों को कड़ाई से पालन करना होगा। ''प्रवेश'' सेआशय स्नातक कक्षा के प्रथम वर्ष अथवा प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर कक्षा के प्रथम सेमेस्टर से है ।

## 2. प्रवेश की तिथि :

### 2.1 प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र जमा करना :

इस वर्ष विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवेश हेतु ''ऑनलाईन'' फार्म जमा कराया जावेगा। जिन महाविद्यालयों के लिये जितने फार्म जमा होंगे, उसे उस महाविद्यालय को प्रेषित किये जायेंगे। ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों में से प्राचार्य, शासन से प्राप्त प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के नियमों के आधार पर प्रवेश प्रदान करेंगे।

(अ) अपरिहार्य कारणों से यदि ''ऑफलाईन'' आवेदन जमा करना हो तो आवेदक द्वारा महाविद्यालय में प्रवेष के लिये प्राचार्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र समस्त प्रमाण-पत्रों सहित निर्धारित दिनांक तक महाविद्यालय में जमा किये जायेंगे।

(ब) प्रवेश हेतु बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची प्रदान न किये जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रमाणित किये जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किये जा सकेंगे।

### 2.2 प्रवेश हेतु अंतिम तिथि निर्धारित करना :

स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर 16 जून से 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगें । (स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की तिथि 16 जून से तथा अन्य कक्षाओं हेतु 16 जून से 15 जुलाई तक या परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवस के भीतर) षासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देषों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया की जावेगी। परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत 10 दिवस के भीतर प्रवेश कार्य पूर्ण किये जायेंगें। कंडिका 5.1 (क) में उल्लेखित कर्मचारियों के स्थानांतरित होने पर प्रवेष की अंतिम तिथि के बाद प्रवेषचाहने वाले उनके पुत्र/पुत्रियों को स्थान रिक्त होने पर ही सत्र के दौरान प्रवेश दिया जाये किन्तु इसके लिए कर्मचारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना एवं आवेदक का प्रवेष हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व अन्य महाविद्यालय में प्रवेष होने की स्थिति में ही प्रवेष दिया जायेगा ।

#### स्पष्टीकरण :-

आवेदक 'क' ने किसी अन्यत्र स्थान (अ) के महाविद्यालय में नियमानुसार किसी कक्षा में प्रवेश लिया था। उसके बाद उसके पालक का स्थानांतरण स्थान 'ब' में हो गया, इस स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में अब वह प्रवेश लेना चाहता है, रिक्त स्थान होने पर ही उसे प्रवेश दिया जायेगा । आवेदक 'ख' ने स्थान (अ) के जहां उसके पालक कार्यरत थे, किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया किन्तु पालक के स्थान (ब) में स्थानांतरण होते ही, स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहताहै, अतः अब प्रवेश के लिये निर्धारित अंतिम तिथि निकल जाने के बाद आवेदक (ख) को प्रवेश नहीं दिया जा सकता ।

## 2.3 पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणना में उत्तीर्ण छात्रों के लिये प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित करनाः-

विधि संकाय के अतिरिक्त अन्य संकायों में पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणना में उत्तीर्ण छात्रों को पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणना के परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति की अनुमति के पश्चात गुणानुक्रम में आने पर प्रवेश की पात्रता होगी । किन्तु विधि संकाय की कक्षाओं में गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश की पात्रता होने पर भी महाविद्यालय में स्थानरिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। 12 वीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणना में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी स्थान रिक्त होने पर नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

## 3. प्रवेश संख्या का निर्धारण :

3.1 महाविद्यालयों में उपलब्ध साधनों तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरण/उपयोग योग्य सामग्री एवं स्टाफ की उपलब्धता आदि के आधार पर स्वीकृत छात्र संख्या (सीट) के अंतर्गत ही विभिन्न कक्षाओं के लिये छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा। यदि प्राचार्य महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र संख्या में सीट की वृद्धि चाहते हैं तो वे 30 अप्रैल तक अपना प्रस्ताव उच्च षिक्षा संचालनालय को प्रेषित करें। तथा "उच्च शिक्षा संचालनालय/ उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त होने पर ही बढ़े हुये स्थान के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही करें।"

3.2 विधि स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम बी.ए.एल.एल.बी. की कक्षाओं में बार कौंसिल द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अधिकतम 60 विद्यार्थियों को ही प्रति सेक्शन (न्यूनतम 2 सेक्शन एवं अधिकतम 5 सेक्शन) में प्रवेश गुणानुक्रम के आधार पर दिया जावे।

3.3 सम्बद्ध वि.वि./स्वषासी महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा के लिये अध्यापन के विषय/विषय समूह का निर्धारण किया गया है। प्राचार्य अपने महाविद्यालयों में उन्हीं निर्धारित विषय/विषय समूह में निर्धारित प्रवेश संख्या के अनुसार ही प्रत्येक कक्षा में आवेदकों को प्रवेश देंगें।

## 4. प्रवेश सूची :

4.1 प्राचार्य द्वारा प्रवेश शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि की सूचना देते हुए, प्रवेष हेतु चयनित विद्यार्थियो की अर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांको एवं जहां अधिभार देय है, वहां अधिभार देकर कुल प्राप्तांको की गुणानुक्रम सूची, प्रतिषत अंक सहित, सूचना पटल पर लगाई जायेगी।

4.2 प्रवेश समिति द्वारा आवश्यक संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रतियों को मूल प्रमाण पत्रों से मिलान कर प्रमाणित किये जाने एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करने के पष्चात ही प्रवेश शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी। प्रवेश देने के तत्काल बाद स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर ''प्रवेश दिया गया'' की मोहर लगाकर उसे रद्द करना चाहिये।

4.3 निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही महाविद्यालय में प्रवेश मान्य होगा। प्रवेश के पश्चात स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति को निरस्त की सील लगा कर अनिवार्य रूप से निरस्त कर दिया जाए।

4.4 घोषित प्रवेश सूची की शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि के बाद स्थान रिक्त होने पर सभी कक्षाओं में नियमानुसार प्रवेश हेतु विलंब शुल्क रूपये 100/-अशासकीय मद में अतिरिक्त रूप से वसूला जायेगा, तथापि ऐसे प्रकरणों में 14 अगस्त के पश्चात प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

4.5 स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा । स्थानांतरण प्रमाण पत्र खो जाने की स्थिति में विद्यार्थी द्वारा निकटस्थ पुलिस थाने में एफ.आई.आर. दर्ज किया जाये। पुलिस थाने की रिपोर्ट एवं पूर्व प्रवेश प्राप्त संस्था से अधिकृत रिपोर्ट जिसमें मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र का अनुक्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख हो, प्राप्त होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जा सकता है। इस हेतु विद्यार्थी से वचन पत्र लिया जाये।

4.6 महाविद्यालय के प्राचार्य स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने के साथ-साथ छात्र से संबंधित गोपनीय रिपोर्ट जारी करेंगे कि संबंधित छात्र रैगिंग/अनुशासनहीनता/तोड़फोड़ आदि में संलिप्त है या नहीं। ऐसे गोपनीय रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में बंद कर उस महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रेषित करेंगे जहां कि छात्र/छात्रा ने प्रवेश के लिये आवेदन किया है।

4.7 राज्य शासन द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से छुट प्रदान की गई है। अतः उक्त निर्देशों का पालन किया जाये ।

## 5. प्रवेश की पात्रता :

## 5.1 निवासी एवं अर्हकारी परीक्षा :

क. छत्तीसगढ़ के मूल/स्थायी, छ.ग. में स्थायी सम्पत्तिधारी निवासी/राज्य या केन्द्र सरकार के शासकीय कर्मचारी, अर्धशासकीय कर्मचारी तथा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंको तथा भारत सरकार द्वारा संचालित व्यावसायिक संगठनों के कर्मचारी जिनका पंदाकन छत्तीसगढ़ में है, उनके पुत्र/पुत्रियों एवं जम्मू कश्मीर के विस्थापितो तथा उनके आश्रितों को ही शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। उपरोक्तानुसार प्रवेश देने के पश्चात भी स्थान रिक्त होने पर अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त बोर्ड एवं अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को नियमानुसार गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।

ख. सम्बद्ध वि.वि. से या सम्बद्ध वि.वि. द्वारा मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालयों/बोर्ड से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को ही महाविद्यालय में प्रवेश की पात्रता होगी।

ग. आवश्यकतानुसार संबंधित विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही आवेदक को प्रवेश प्रदानकिया जाए।

## 5.2 स्नातक स्तर, नियमित प्रवेश :

क. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। किन्तु वाणिज्य कला संकाय के आवेदकों को विज्ञान संकाय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) प्रथम वर्ष में किसी भी संकाय से उत्तीर्ण छात्रा को प्रवेश की पात्रता होगी। व्यवसायिक पाठ्यक्रम से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को केवल कला संकाय में प्रवेश की पात्रता होगी। परंतु यदि अभ्यार्थी ने वाणिज्य संकाय के विषयों से अध्ययन किया हो तो उसे वाणिज्य संकाय में प्रवेश की पात्रता होगी। इसी प्रकार 10+2 परीक्षा कृषि संकाय से उत्तीर्ण आवेदकों को विज्ञान संकाय अथवा बी.एस.सी. (बायो./गणित समूह) प्रथम वर्श में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

ख. स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदको को उन्हीं विषयों की क्रमशः द्वितीय/तष्तीय वर्श में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। स्नातक द्वितीय स्तर पर विषय परिवर्तन की पात्रता नहीं होगी।

## 5.3 स्नातकोत्तर स्तर नियमित प्रवेश :-

क. बी.कॉम./बी.एस.सी. (गष्हविज्ञान)/बी.ए. स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को क्रमशः एम.कॉम/ एम.एस.-सी (गृहविज्ञान)/एम.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं अर्हकारी विषय लेकर बी.एस.-सी उत्तीर्ण आवेदकों को एम.एस.सी./एम.ए. प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर/पूर्व - भूगोल में उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश की पात्रता होगी जिहोंने स्नातक स्तर पर भूगोल विषय क ा
अध्ययन किया हो। उपरोक्त के अतिरिक्त अर्हता के संबंध में सकाय की स्थिति में सबंधित विश्वविद्यालय संबंधित अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधान /अर्हता ही बंधनकारी होंगे।

ख. स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष उत्तीर्ण आवेदकों को उसी विषय के स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। सेमेस्टर पद्धति की पूर्व अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को अगले सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

ग. स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु ए.टी.के.टी. (Allowed To Keep Terms) नियम :-

1. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रावधिक प्रवेष की पात्रता रखने वाले आवेदकों को प्रवेष के लिये निर्धरित अंतिम तिथि के पूर्व प्रावधिक प्रवेश लेना अनिवार्य है।
2. स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में ए.टी.के.टी. (Allowed To Keep Terms) नियमों के अनुसार पात्र आवेदकों को अगले सेमेस्टर में प्रावधिक प्रवेश की पात्रता होगी।

**5.4 विधि संकाय नियमित प्रवेष :**

क. स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को विधि स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

ख. विधि स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को एल.एल.एम. प्रथम वर्ष में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी ।

ग. एल.एल.बी. प्रथम सेमेस्टर एवं एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को क्रमशः एल.एल.बी. द्वितीय सेमेस्टर एवं एल.एल.एम. द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता होगी। इसी प्रकार तृतीय, चतुर्थ, पंचम सेमेस्टर में भी प्रवेश की यही प्रक्रिया लागू होगा।

## 5.5 प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम अंक सीमा :-

क. विधि स्नातक प्रथम वर्श में प्रवेश हेतु न्यूनतम अंक सीमा 45 प्रतिशत (अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जातिहेतु 40 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग 42 प्रतिशत होगी तथा विधि स्नातकोत्तर पूवार्द्ध में 55 प्रतिशत अंक (अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/ ओ.बी.सी. हेतु 50 प्रतिशत) प्राप्त आवेदकों को ही नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

**5.6** AICTE/NCTE/BAR COUNCIL OF INDIA/MEDICAL COUNCIL OF INDIA से अनुमोदित पाठ्यक्रमों में प्रवेष/संचालन पर संबंधित संस्था के प्रावधान प्रभावी होंगें ।

## 6. समकक्ष परीक्षा :

6.1 सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन (सी.बी.एस.ई.), इंडियन कौंसिल फार सेकेण्डरी एजूकेशन (आई.सी.एस्ई.) तथा अन्य राज्यों के विद्यालयों/इण्टरमीडिएट बोर्ड की 10+2 परीक्षायें में मा.शि.मं. की 10+2 परीक्षा के समकक्ष मान्य है। प्राचार्य मान्य बोर्ड की सूची सम्बद्ध वि.वि. से प्राप्त कर सकते हैं।

6.2 सामान्यतः भारत में स्थित विश्वविद्यालयों जो भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एसोसिएसन ऑफ यूनिवर्सिटी) के सदस्य हैं उनकी समस्त परीक्षाएं छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालय की परीक्षा के समकक्ष मान्य है। ऐसे विश्वविद्यालय (IGNOU को छोड़कर) जो दूरवर्ती पाठ्यक्रम संचालित करते हैं, किन्तु राज्य शासन से अनुमति प्राप्त नहीं है की परीक्षाएं मान्य नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के किसी भी विश्वविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्था को छत्तीसगढ़ राज्य में अध ययन केन्द्र/ऑफ कैम्पस आदि खोलकर छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने/डिग्री देने की मान्यता नहीं है तथा ऐसी संस्थाओं से डिग्री/डिप्लोमा वैधानिक रूप से मान्य नहीं होगा ।

6.3 संबद्ध विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का शिक्षण संस्थाओं की सूची एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी फर्जी अथवा मान्यता विहीन विश्वविद्यालय या शिक्षण संस्थाओं, जिनकी उपाधि मान्य नहीं है, की जानकारी प्राचार्य संबद्ध विश्वविद्यालय से प्राप्त करें।

6.4 वर्ष 2012 में प्रारंभ किए गए एनवीईक्यूएफ (National Vocational Educational Qualification) के अंतर्गत उत्तीर्ण आवेदकों को विष्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए अन्य सामान्य विषयों की तुलना में समतुल्य प्राथमिकता प्रदान की जावे ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक 1-52/2013 (सीसी/एनएसक्यूएफ) अप्रैल 2014 के अनुसार -

''जैसा कि आपको ज्ञात है आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित राश्ट्रीय कौशल अर्हता संरचन(एनएसक्यूएफ) में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक शैक्षिक अर्हता संरचना (एनवीईक्यूएफ) में सूत्रबद्ध किये गये समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को निगमित किया गया है । जैसा एनएसक्यूएफ में अधिसूचित किया गया है कि यह 1 से 10 स्तरतक के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराता है जिनमें स्तर 5 से स्तर 10 तक के प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा से एवं स्तर 1 से स्तर 4 तक के प्रमाणपत्र स्कूली शिक्षा के क्षेत्र से संबंध है। वर्ष 2012 में प्रारंभ किये गये एनवीईक्यूएफ के अनुसरण में कुछ स्कूल बोर्डो द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम प्रस्तावित किये गये और एनवीईक्यूएफ के अंतर्गत छात्रों को समतुल्य/समस्तरीय प्रमाण-पत्र प्रदान किये जा रहे है । ऐसे छात्र एनएसक्यूएफ के

स्तर 4 के प्रमाणित स्तर सहित 10+2 शिक्षा को वर्ष 2014 तक सफल कर पायेंगें । मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आशंका जताई है कि ऐसे छात्र जो विष्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्नातक पूर्व किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के इच्छुक हैं तथा जिनके पास + 2 स्तर में व्यावसायिक विषय थे वे अलाभकारी स्थिति में होंगे । अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि जिस समय छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अन्य किसी भी स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए प्रयास किये जा रहे हो तो उस समय ऐसे विषयों को अन्य सामान्य विषयों की तुलना में समतुल्य प्राथमिकता प्रदान की जाये, ताकि उन छात्रों को क्षैतिजिक गत्यात्मकता के लिए सुअवसर मिल सकें।

## 7. बाह्य आवेदकों का प्रवेश :

7.1 स्नातक स्तर तक बी.ए./बी.कॉम/बी.एस.सी./बी.एच.एस.सी. में एकीकृत पाठ्यक्रम लागू होने से छ.ग. के किसी भी विश्वविद्यालय, स्वशासी महाविद्यालय से प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को क्रमशः द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश की पात्रता है। किन्तु सम्बद्ध वि.वि./स्वषासी महाविद्यालय में पढ़ाये जा रहे विषयों/विषय समूहों में आवेदकों ने पिछली परीक्षादी हो, इसका परीक्षण करने के पश्चात ही नियमित प्रवेश दिया जावे। आवश्यक हो तो वि.वि. से पात्रता प्रमाण पत्र अवश्य लिया जाये।

7.2 छ.ग. के बाहर स्थित विश्वविद्यालयों/स्वशासी महाविद्यालयों से स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय परीक्षा, अन्य विश्वविद्यालयों/स्वशासी महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पूर्व की परीक्षा या प्रथम, द्वितीय, तष्तीय सेमेस्टर परीक्षा एवं विधि स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को उनके द्वारा सम्बद्ध विश्वविद्यालयों से पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही उन्हीं विषयों/विषय समूह की अगली कक्षा में नियमित प्रवेश दिया जावे।

राज्य के बाहर के विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप में एक शपथ-पत्र देना होगा किसी भी प्रकार की झूठी/गलत जानकारी पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त करते हुये उसे प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा। अन्य राज्य के आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का प्रमाणीकरण संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालयों से कराया जाना अनिवार्यहै।

7.3 विज्ञान एवं अन्य प्रायोगिक विषयों में स्वाध्यायी आवेदकों को स्थान रिक्त होने पर तथा महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को 30 नवम्बर तक, निर्धारित शुल्क लेकर मात्र प्रायोगिक कार्य करने की अनुमति प्राचार्य द्वारा दी जा सकती है।

## 8. अस्थायी प्रवेश की पात्रता :

अस्थायी प्रवेश की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व अस्थायी प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

8.1 स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में पूरक परीक्षा (कम्पार्टमेंट) प्राप्त नियमित आवेदकों को अगली कक्षा में स्थान रिक्त होने पर अस्थायी प्रवेश की पात्रता होगी।

8.2 स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम/द्वितीय/तृतीय में पूरक/एटी-केटी प्राप्त आवेदकों को अगली कक्षा में अस्थायी प्रवेश की पात्रता होगी।

8.3 विधि स्नातक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम एल.एल.बी. के प्रथम/द्वितीय वर्ष में निर्धारित एग्रीगेट 48% पूरा न करने वाले या पूरक प्राप्त आवेदकों को अगली कक्षा में अस्थायी प्रवेश की पात्रता होगी।

8.4 उपरोक्त कंडिका 7 के खण्ड 1 एवं 2 के आवेदकों को अस्थायी प्रवेश की पात्रता नही होगी।

8. 5 पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर अस्थायी प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं का अस्थायी प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा। उत्तीर्ण होने पर अस्थायी प्रवेश नियमित प्रवेश के रूप में मान्य किया जावेगा।

## 9. प्रवेश हेतु अर्हताऐं :

9.1 किसी भी महाविद्यालय/वि.वि.शिक्षण विभाग के किसी संकाय में प्रवेश प्राप्त छात्र / छात्राओं को उसी संकाय की उसी कक्षा में आगामी वर्ष/वर्षो में पुनः नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। यदि किसी छात्र ने पूर्व सत्र में आवेदित कक्षा में नियमित प्रवेश नहीं लिया हो तो ऐसा आवेदक नियमित प्रवेश हेतु अनर्ह नहीं माना जावेगा। उसे मात्र मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र तथा षपथ पत्र जिससे प्रमाणित हो कि पूर्व में उसने प्रवेश नहीं लिया है, के आधार पर ही नियमानुसार प्रवेश दिया जावेगा।

9.2 जिनके विरूद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया हो /या न्यायालय में अपराधिक प्रकरण चल रहा हों, परीक्षा में या पूर्व सत्र में छात्रों/अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार/मारपीट करने के गंभीर आरोप हो/ चेतावनी देने के बाद भी सुधार परिलक्षित नहीं हुआ हो, तो ऐसे छात्र/छात्राओं को प्रवेश नहीं देने के लिए प्राचार्य अधिकृत है।

9.3 महाविद्यालय में तोड़-फोड़ करने और महाविद्यालय की सम्पत्ति को नष्ट करने वाले/रैगिंग के आरोपी छात्र/छात्राओं का प्रवेश निरस्त करने/प्रवेश न देने के लिए अधिकृत है। प्राचार्य इस हेतु समिति गठित कर जांच करवाये एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रवेश निरस्त किया जाये। ऐसे छात्र/छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में प्रवेश न दिया जावे।

9.4 प्रवेश हेतु आयु सीमा :-

(क) छ.ग.शासन, उच्च षिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 17-95/2017/38-2 दिनांक 15.08.2021 द्वारा सभी कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में आयु सीमा के बंधन को समाप्त किया गया है ।

9.5 पूर्णकालिक शासकीय/अशासकीय सेवारत् कर्मचारी को उसकी दैनिक कार्य की अवधि में लगने वाले महाविद्यालय में नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं होगा। दैनिक कर्तव्य अवधि के उपरांत लगने वाले महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने पर आवेदक द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश दिया जावेगा।

9.6 किसी संकाय में स्नातक उपाधि प्राप्त छात्र/छात्राओं को किसी अन्य संकायो के स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

## 10. प्रवेश हेतु गुणानुक्रम का निर्धारण :

10.1 उपलब्ध स्थानों से अधिक आवेदक होने पर प्रवेश निम्नानुसार गुणानुक्रम से किया जायेगा।

(क) स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक एवं अधिभार देय है, तो अधिभार जोड़कर प्राप्त कुल प्रतिषत अंकों के आधार पर, तथा

(ख) विधि स्नातक प्रथम वर्ष में सम्बद्ध विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा का प्रावधान हो तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार होगी ।

10.2 अनारक्षित एवं आरक्षित श्रेणी के लिए अलग-अलग गुणानुक्रम सूची तैयार की जावेगी।

## 11. प्रवेश हेतु प्राथमिकता :

11.1 स्नातक/स्नातकोत्तर/विधि कक्षाओं में प्राथमिकता का आधार, अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जायेगी ।

11.2 स्नातक/स्नातकोत्तर अगली कक्षाओं में प्राथमिकता का आधार, अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण नियमित/उत्तीर्ण भूतपूर्व नियमित परीक्षार्थी/एक विषय में पूरक प्राप्त पूर्व सत्र के नियमित/स्वाध्यायी विद्यार्थियों के क्रम में होगा ।

11.3 विधि संकाय की अगली कक्षाओं में पूरक छात्रों के पहले उत्तीर्ण, परन्तु 48 एग्रीगेट प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जावे, अन्य क्रम यथावत रहेगा ।

11.4 स्नातक स्तर के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में प्रदेश के अन्य स्थानों / तहसीलों / जिलों के निवासरत् अथवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आवेदक विद्यार्थीयों को भी गुणानुक्रम से प्रवेश दिया जाये।

11.5 किसी एक विषय की स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी को अन्य विषय की स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश महाविद्यालय में स्थान रिक्त रहने की स्थिति में ही दिया जा सकेगा।

## 12. आरक्षण :

छ.ग. शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप निम्नानुसार होगा :--

12.1 प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश में सीटों का आरक्षण तथा किसी शैक्षणिक संस्था में इसका विस्तार निम्नलिखित रीति से होगा, अर्थात :-

क. अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा मे वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या मे से 32 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रहेंगी।

ख. अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या मे से 12 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जातियों केलिए आरक्षित रहेगी।

ग. अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 14 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रहेगी। परन्तु जहॉं अनुसूचित जनजातियों के साथ-साथ अनुसूचित जाति / अन्य पीछड़ा वर्ग के रिक्त सीटों पर भी विपरीत क्रम में पात्र आवेदकों को प्रवेश दिया जावेगा। आरक्षित सीटे पात्र विद्यार्थियों के अनुपलब्धता के कारण अंतिम तिथियों पर रिक्त रह जाती है तो इस विपरित क्रम में पात्र विद्यार्थियों में से भरा जायेगा।

परन्तु यह और कि पूर्वगामी परंतुक में निर्दिष्ट व्यवस्था के पश्चात भी, जहॉं खण्ड क. ख. तथा ग. के अधीन आरक्षित सीटें, अंतिम तिथियों पर रिक्त रह जाती हैं, तो इसे अन्य पात्र विद्यार्थियों से भरा जाएगा।

12.2 (1) बिन्दु क्र. 12.1 के खण्ड क., ख. तथा ग. के अधीन उपलब्ध सीटों का आरक्षण उर्ध्वाधर (वर्टीकल) रूप से अवधारित किया जायेगा ।

(2) निःशक्त व्यक्तियों, महिलाओं, भूतपूर्व कार्मिको/भूतपूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों या व्यक्तियों के अन्य विशेष वर्गो के संबंध में क्षैतिज आरक्षण का प्रतिशत ऐसा होगा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अधिसूचित किया जाए, तथा यह बिन्दु क्र. 12.1 के खण्ड क, ख, तथा ग के अधीन यथास्थिति, उर्ध्वाध ार आरक्षण के भीतर होगा ।

12.3 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र-पुत्रियों, पौत्र-पौत्रियों और नाती/नातीन के लिये 3 प्रतिषत स्थान आरक्षित रहेंगें । निःशक्त श्रेणी के आवेदकों के लिए 5 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगें ।

12.4 सभी वर्गो में उपलब्ध स्थानों में से 30 प्रतिशत स्थान महिला छात्राओं के लिये आरक्षित होंगे।

12.5 आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार अधिक अंक पाने के कारण अनारक्षित श्रेणी ओपन काम्पीटीशन में नियमानुसर मेरिट सूची में रखा जाता है, तो आरक्षित श्रेणी की सीटें यथावत् अप्रभावित रहेंगी, परन्तु ऐसा विद्यार्थी किसी संवर्ग जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदि का भी है तो संवर्ग की यह सीट उस आरक्षित श्रेणी में भरी मानी जावेगी, शेष संवर्ग की सीटे भरी जाएगी।

12.6 आरक्षित स्थान का प्रतिशत 1/2 से कम आता है तो आरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं होगा। 1/2 प्रतिषत एवं 1 प्रतिशत के बीच आने पर आरक्षित स्थान की संख्या एक होगी।

12.7 जम्मू कश्मीर विस्थापितों तथा आश्रितों को 5 प्रतिशत तक सीट वृद्धि कर प्रवेश दिया जाए तथा न्यूनतम अंकमें 10 प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी।

12.8 समय-समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जाए।

12.9 कंडिका 12.1 में दर्शाई गई आरक्षण के प्रावधान माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

